प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
बुधवार 26 फरवरी 2025
● वर्ष 03 ● अंक 192
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
37 वर्ष 1987-2024
श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : shrambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88




## झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन पेपर लीक मामले को लेकर जोरदार हंगामा




**रांची:** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने जमकर हंगामा किया. सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की. झारखंड में चल रहे मैट्रिक की परीक्षा के पेपर लीक के मामले में सरकार को विपक्ष ने घेरा. इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष पूरी तरह विधानसभा में उलझता रहा जबकि विपक्ष ने गेट पर खड़े होकर नारेबाजी की. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में हंगामा हुआ. विधानसभा के बाहर तख्तियां लेकर विधायकों ने नारेबाजी की. बाबूलाल मरांडी ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि पेपर लीक की घटना बिना सरकार की रजामंदी के नहीं हो सकती है. सरकार के लोग इस काम में शामिल है. ऐसे लोगों की पहचान कर जेल भेजा जाना चाहिए. भाजपा ने तत्काल सीबीआइ जांच की मांग की.

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास ने यहां मुखर होकर मुद्दे को उठाया और कहा कि सरकार ने महिलाओं और युवाओं को भ्रमित कर चुनाव जीतने की कोशिश की है. मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न प त्र लीक कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. वहीं, जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो भी हमलावर नजर आये. उन्होंने कहा कि लगातार प्रश्न पत्र लीक की घटना सामने आ रही है. इस तरह की घटना तब तक होगी, जब तक सरकार कमजोर रहेगी और अफसरशाही हावी रहेगी. इस दौरान सत्ता पक्ष सदन के भीतर बचाव की स्थिति में नजर आयी. मैट्रिक परीक्षा के मुद्दे पर भाजपा विधायक सदन की कार्यवाही शुरू होते ही वेल में आकर हंगामा करने लगे. सरकार पर सवाल उठाते हुए विधायकों ने नारेबाजी की तो सरकार के पक्ष में विधायकों ने बचाव का काम किया. मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार पूरे मामले की जांच क रही है. धैर्य रखना चाहिए. विपक्ष को राजनीति करने से बाज आना चाहिए और जांच में सहयोग करना चाहिए.

सदन की कार्यवाही के दौरान स्कूलों में घंटी आधारित शिक्षकों को केंद्र के अनुरूप मानदेय की मांग विधायक निरेल पूर्ती ने की. इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नियमावली गठित करने की प्रक्रिया चल रही है. बालू घाट की नीलामी और सप्लाइ पर बहस हुई, जिस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गाइड किया. भाजपा विधायक नीराज यादव और राज सिन्हा ने सदन में मैट्रिक परीक्षा प्रश्न पत्र लीक के मामले में सीबीआइ की जांच की मांग की. बाद में विपक्ष ने हंगामा किया तो दोपहर दो बजे तक भोजनावकाश के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित किया गया. इस दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में झारखंड देश का अग्रणी राज्य है. इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि मंईया सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा है. बिजली बिल माफ, अबुआ आवास योजना ने लोगों के दिलों पर राज कर लिया है. सभी राज्य अब मंईया योजना को लागू कर रही है. दो बार किसानों का कर्ज राज्य सरकार ने माफ किया है. 2024-2025 में 7625 आवेदन को मंजूरी दी गयी और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी लोन दिया गया है ताकि किसानी बेहतर हो सके. इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की गदयी, जिस पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाया और कहा कि राज्यपाल से झूठ पढ़ाया गया. शतरंज में वजीर और मनुष्य में यदि जमीर मर गया तो सबकुछ खत्म हो जाता है. सरकार को कम से कम असत्य का पुलिंदा राजयपाल से नहीं पढ़वाना चाहिए था. इस पर हंगामा खड़ा हो गया. झामुमो विधायक उमाकांत रजक और सीपी सिंह में बहस भी हो गयी. इस पर सीपी सिंह ने कहा कि टिकट नहीं मिला तो हाथी उड़ाने की बात बोल रहे है, झामुमो की बोली बोल रहे है. इसके बाद सदन की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया.

## देवघर में शिव बारात उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन



**रांची:** बुधवार (26 फरवरी 2025) को महाशिवरात्रि पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में भव्य शिव बारात निकाली जायेगी. शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है. पहली बार झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन कर रहा है. महोत्सव का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केकेएन स्टेडियम में करेंगे. उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री शिव बारात को रवाना करेंगे. मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और 4 विभागों के सचिव भी मौजूद रहेंगे. देवघर जिला प्रशासन ने शिव रात्रि महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली है.

महाशिवरात्रि के लिए बाबा मंदिर से लेकर शिव बारात रूटलाइन और पूरे शहर में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये गये हैं. चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है. करीब 3000 पुलिस बल और कई दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. काफी संख्या में अफसरों की भी तैनाती की गयी है. बारात रूटलाइन में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जायेगी. इसके लिए जगह-जगह हाई रिजोल्यूशन कैमरे लगाये गये हैं. डीसी विशाल सागर और एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हैं.

महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करने के लिए एक लाख से अधिक श्रद्धालु देवघर पहुंच गये हैं. बाबाधाम में फाल्गुन चतुर्दशी तिथि यानी शिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ की चतुष्प्रहर पूजा होती है. विग्रह पर माता को सिंदूर अर्पित करने की खास परंपरा के साथ बाबा भोलेनाथ का विवाह संपन्न होगा. इस पूजा में बाबा भोलेनाथ को दूल्हे की तरह सजाया जाता है. बेलपत्र से सरदार पंडा विग्रह पर माता को सिंदूर अर्पित करते हैं. विशेष पूजा के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से तैयारी कर ली गयी है.

महाशिवरात्रि पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबाधाम पहुंचते हैं. रात में निकलने वाली शिव बारात में ये लोग भी शामिल होते हैं. शिव बारात की भव्यता, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए शिव बारात को और भव्य और दिव्य रूप दिया गया है. शिव बारात में मुख्य रूप से बाराती के रूप में सभी देवी-देवताओं के साथ भूत, पिसाच, चुड़ैल, राक्षस आदि आकर्षण के केंद्र होंगे. इस वर्ष शिव बारात में मुख्य आकर्षण का केंद्र विशालकाय हाफिया हूप नामक राक्षस होगा.

बाबा बैद्यनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के तमाम अनुष्ठान परंपरा के अनुसार हो रहे हैं. चली आ रही परंपरा के अनुसार, बाबा बैद्यनाथ और माता पार्वती सहित बाबा मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों के शिखर से उतारे गये पंचशूलों को विशेष पूजा के बाद फिर से मंदिरों के शिखर पर स्थापित कर दिया गया. इसके बाद बाबा बैद्यनाथ एवं माता पार्वती मंदिर के बीच गंठबंधन चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई. सुबह करीब पौने नौ बजे से राधाकृष्ण मंदिर के बरामदे पर पंचशूल पूजा हुई. करीब 2 घंटे तक तांत्रिक विधि से पूजा हुई. आरती के बाद सरदार पंडा ने राजू भंडारी को गणेश मंदिर से पंचशूल चढ़ाने की परंपरा को आगे बढ़ाने का आदेश दिया. इसके बाद बारी-बारी से सभी मंदिरों पर पंचशूल स्थापित कर दिये गये.

पंचशूल चढ़ाने के बाद मंदिर के महंत ने मंत्रोच्चार के साथ प्रेम के प्रतीक बाबा एवं माता पार्वती मंदिर के बीच गंठबंधन चढ़ाया. उसके बाद आम लोगों ने भी पट बंद होने तक जमकर बाबा एवं माता मंदिर के बीच गंठबंधन चढ़ाकर मंगल कामना की. पट बंद होने तक एक हजार से अधिक लोगों ने गंठबंधन चढ़ाया. पूजा को सफल बनाने में प्रबंधक रमेश परिहस्त, दिवान सोना कुमार सिन्हा, सरदार पंडा प्रतिनिधि बाबा झा, मंदिर कर्मी अरुण राउत, सुधीर मिश्रा व अन्य मौजूद रहे.

### 1984 सिख विरोधी दंगा मामला

## पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगे से जुड़े हत्या के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की कथित हत्या के मामले में यह फैसला सुनाया। इस संबंध में विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है।

अदालत ने 12 फरवरी को कुमार को अपराध के लिए दोषी ठहराया और मृत्युदंड की सजा वाले मामलों में ऐसी रिपोर्ट के अनुरोध के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर तिहाड़ केंद्रीय जेल से कुमार के मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन पर रिपोर्ट मांगी। हत्या के अपराध में अधिकतम सजा मृत्युदंड होती है, जबकि न्यूनतम सजा आजीवन कारावास होती है। शिकायतकर्ता जसवंत की पत्नी और अभियोजन पक्ष ने कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की थी। कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है।

पंजाबी बाग थाने ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था हालांकि बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले ली। अदालत ने 16 दिसंबर, 2021 को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए और उनके खिलाफ ''प्रथम दृष्टया'' मामला पाया।



**अदालत ने 12 फरवरी को कुमार को अपराध के लिए दोषी ठहराया और मृत्युदंड की सजा वाले मामलों में ऐसी रिपोर्ट के अनुरोध के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर तिहाड़ केंद्रीय जेल से कुमार के मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन पर रिपोर्ट मांगी। हत्या के अपराध में अधिकतम सजा मृत्युदंड होती है, जबकि न्यूनतम सजा आजीवन कारावास होती है।**

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि घातक हथियारों से लैस एक बड़ी भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सिखों की संपत्ति को नष्ट किया। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि भीड़ ने शिकायतकर्ता जसवंत की पत्नी के घर पर हमला किया, जिसमें सामान लूटने और उनके घर को आग लगाने के अलावा पुरुषों की हत्या कर दी गई। कुमार पर मुकदमा तब चलाया गया जब अदालत ने प्रथम दृष्टया इस राय के पक्ष में पर्याप्त सामग्री पाई कि वह न केवल एक भागीदार थे, बल्कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व भी किया था। हिंसा और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं, जिसमें 2,733 लोग मारे गए थे। इनमें लगभग 240 प्राथमिकी को पुलिस ने ''अज्ञात'' बताकर बंद कर दिया और 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। 587 प्राथमिकी में से केवल 28 मामलों में ही सजा हुई और लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। कुमार सहित लगभग 50 को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उस वक्त एक प्रभावशाली कांग्रेस नेता और सांसद रहे कुमार पर 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोप लगाया गया था। इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। कुमार को बरी किए जाने के अनुरोध और आजीवन कारावास के खिलाफ दो याचिकाएं क्रमशः दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं।

## सीबीआई ने 'क्रिप्टोकरेंसी' घोटाले में 60 स्थानों पर छापेमारी की

नई दिल्ली/दक्षिण भारत। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 6600 करोड़ रुपये के 'गेनबिटक्वाइन क्रिप्टोकरेंसी' घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को 60 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर और बेंगलुरु समेत कई शहरों में छापेमारी की गई, जिसमें कथित तौर पर प्रमुख आरोपियों से जुड़े परिसरों को लक्षित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख वेबसाइट 'डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गेनबिटक्वाइन डॉट कॉम' समेत कई मंचों के माध्यम से यह पोंजी घोटाला किया गया और इसकी पूरी साजिश कथित रूप से अमित भारद्वाज (अब दिवंगत) और उसके भाई अजय भारद्वाज ने रची थी।

उन्होंने बताया कि 2015 में शुरू किया गया यह अवैध कारोबार 'वेरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से चल रहा था। सीबीआई ने बताया कि इस योजना के तहत निवेशकों को 18 महीने की अवधि में बिटक्वाइन पर प्रति माह 10 प्रतिशत का असाधारण रिटर्न देने का लालच दिया गया और उन्हें बाहरी एक्सचेंजों से डिजिटल मुद्रा खरीदने और 'क्लाउड माइनिंग' अनुबंधों के माध्यम से इसे 'गेन बिटक्वाइन' में जमा करने के लिए कहा गया। प्रवक्ता ने कहा, यह मॉडल बहु-स्तरीय विपणन (नेटवर्किंग मार्केटिंग-एमएलएम) संरचना पर काम करता है, जो सामान्यतः पिरामिड संरचित पोंजी योजनाओं से जुड़ा होता है, जहां भुगतान नए निवेशकों को लाने पर निर्भर होता है। प्रारंभिक दिनों में निवेशकों को 'बिटक्वाइन' में भुगतान मिलता था, जिससे यह एक आकर्षक उद्यम होने का भ्रम पैदा हुआ। हालांकि, 2017 तक नई पूंजी का प्रवाह कम होने के साथ ही यह दिखावा (भ्रम) टूटने लगा। बयान में कहा गया है, घाटे की लीपापोती करने के प्रयास में, 'गेनबिटक्वाइन' ने एकतरफा ढंग से भुगतान को अपने कथित 'इन-हाउस क्रिप्टोकरेंसी' में बदल दिया, जिसका मूल्य 'बिटक्वाइन' की तुलना में काफी कम था, जिससे निवेशक और अधिक भ्रमित हो गए।

घोटाले के विशाल पैमाने और जटिलता के परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर से लेकर महाराष्ट्र और दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक पूरे भारत में कई प्राथमिकियां दर्ज की गईं। उच्चतम न्यायालय ने इस (अवैध कारोबार के) संचालन की व्यापक प्रकृति तथा इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए इसकी जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। जांच एजेंसी ने कहा,तलाशी के दौरान कुछ क्रिप्टो वॉलेट, आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं।

### मैट्रिक की परीक्षा में एक मुन्नाभाई धराया

**सतबरवा(पलामू)।** बीएस नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को किसी दूसरे छात्र के नाम पर मैट्रिक की परीक्षा दे रहा छात्र पकड़ा गया है। उड़नदस्ता टीम के कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक छात्रा को पकड़ा गया है। पकड़े गये छात्र की पहचान स्तरौन्नत उवि सोहडीखास के छात्र नॉलेज यादव पिता प्रेमचंद यादव है। पुलिस ने वीक्षक की पहचान पर मुन्ना भाई के तर्ज पर परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र को हिरासत में ले लिया है।

### रांची में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार की सुबह 6 बजकर 10 मिनट के आसपास भूकंप के झटके महसूस किये गये। जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 5.1 आंकी गयी। इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहरायी में था। रांची मौसम केंद्र के मुताबिक सुबह का वक्त होने और कम तीव्रता की वजह से ज्यादातर लोगों को भूकंप का पता नहीं चल पाया।

## जैक 10वीं परीक्षा के 2 प्रश्न पत्र लिक मामले में 6 गिरफ़्तार

गिरीडीह।

एक ओर जहां विपक्ष के विधायक जैक 10वीं परीक्षा के दो प्रश्न पत्र लिक के मामले में सीबीआई जांच की मांग कर प्रदर्शन कर रहे हैं।वहीं आज पुलिस ने इस मामले में अब तक की बड़ी कार्रवाई की है। कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है उनमें से एक मास्टरमाइंड बताया जाता है।सभी की गिरफ्तारी नगर थाना इलाके के शहर के मध्य भाग बरगंडा से की गई है। पेपर लीक कांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोडरमा पुलिस गिरिडीह के आजीविका केंद्र नगर निगम पहुंची। पुलिस यहां गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को लेकर पहुंची थी। इस दौरान गिरिडीह के सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी मौजूद थे।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जब ट्रक से प्रश्न पत्र उतारकर भवन में रखा जा रहा था। उसी समय प्रश्न पत्र की चोरी कर ली गई थी। इसके बाद परीक्षा के कुछ दिन पूर्व इसे वायरल कर दिया गया। आरोपियों ने मजदूर बनकर ट्रक से प्रश्न पत्र उड़ा लिए थे। हालांकि इस बात की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीडीपीओ कोडरमा का के अनुसार इस मामले में छह लोगों की गिरफ्तारी की गई है। प्रश्न पत्र लीक कांड का खुलासा होते ही जिले के अधिकारियों के कान खड़े हो गए। आनन-फानन में जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद और डीएसपी नीरज कुमार सिंह, डीएसपी कौशर अली, डीएसपी आबिद खान, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी गिरिडीह नगर निगम भवन पहुंचे और अपने स्तर से जांच पड़ताल प्रारंभ की।

बताया जाता है कि जैक की मैट्रिक परीक्षा का पेपर जिस भवन स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया था, उसका कैंपस संकरा था। उस कैंपस में ट्रक दाखिल नहीं हो पा रहा था। इसलिए कैंपस के बाहर ट्रक खड़ा करके प्रश्न पत्र उतारे गए और उसे स्ट्रांग रूम में रखा गया। जिस भवन में प्रश्न पत्र रखे गए थे,उसमें सीसीटीवी कैमरा भी मौजूद नहीं था। इस कारण आरोपियों को प्रश्न पत्र उड़ाने में सहूलियत हुई। वैसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस के अधिकारी और जवानों की तैनाती स्ट्रांग रूम के बाहर की गई थी। अब जिला प्रशासन से चूक कैसे हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। स्ट्रांग रूम में तैनात जवान के अनुसार इस भवन के नीचे हिस्से में नगर निगम के लोगों का हर दिन आना-जाना होता था। नगर निगम के कर्मचारी यहां से प्रत्येक दिन ब्लीचिंग पाउडर लेकर जाते थे।

न्यूज़ अपडेट

### चांडिल शहरी क्षेत्र में पहुंचा हाथी, दहशत का माहौल



**जमशेदपुर।** चांडिल वन क्षेत्र में एक विशाल हाथी के दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। हाथी दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के गज परियोजना से भटकते हुए भोजन की तलाश में चांडिल शहरी क्षेत्र पहुंचा है। मंगलवार सुबह यह हाथी चांडिल बाजार के दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंच गया और मंदिर के गेट और चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री के मामा गुरु चरण किस्कू की घरों में भी गजराज ने हमला कर दिया। गजों ने कमरे का गेट तोड़कर वहां रखे अनाज भी चटक गया और सारे सामान भी बिखेर दिये। इतना ही नहीं हाथी ने घर के बाहर खड़ी एक मारुति वैन को भी नुकसान पहुंचाया। गुरुचरण किस्कू ने मंगलवार की सुबह इस घटना की जानकारी चांडिल वन क्षेत्र पदाधिकारी को दी, जिसके बाद वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में गजों की आतंक से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### मानगो नगर निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के फीडबैक के लिए की गई बैठक

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम के कार्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नागरिकों के फीडबैक के लिए उपनगर आयुक्त के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त की-उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत नागरिकों का फीडबैक अधिक से अधिक करने हेतु एक बैठक की गई। सहायक नगर आयुक्त के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के सम्बन्ध में बताते हुए कहा गया कि नागरिक फीडबैक कार्य निकाय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा अलग अलग टीम बना कर स्कूल,कॉलेज,पार्क,मॉल, रेस्टुरेंट, अस्पताल, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि मानगो को जनता के सहयोग से बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो सके।बैठक में सभी नगर प्रबंधक सफाई पर्यवेक्षक कनीय अभियंता एवं मानगो नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री मुख्तार आलम खान,प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मण प्रसाद,ताहिर हुसैन,के पी रवि,शेख निजामुद्दीन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### गुवा थाना के सारंडा वन क्षेत्र में नक्सली सामानों की बरामदी

**चाईबासा।** सारंडा वन क्षेत्र स्थित 197 सीआरपीएफ बटालियन ने गुवा थाना क्षेत्र के रोवांम के तुंबाका गांव के घने जंगलों में नक्सलियों से जुड़ी सामग्रियों को बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान के तहत की गई, जिसमें महत्वपूर्ण नक्सली सामान बरामद हुआ। बरामद किए गए नक्सली सामानों में एक बंदूक, गोलियां, ग्रेनेड, गैस सिलेंडर, खाने-पीने का सामान, गोला-बारूद और अन्य सामग्री शामिल है। इस सफलता ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण संकेत दिए हैं। इस अभियान में गुआ थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम और सीआरपीएफ के जवानों ने मिलकर कार्य किया। सेकंड इन कमांड के अधिकारी अरविन्द ठाकुर के दिशा-निर्देशों के तहत यह अभियान चलाया गया। सारंडा वन क्षेत्र में हुई इस सफलता ने इलाके में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षा बलों की कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाया है। इस अभियान की सफलता ने क्षेत्र में एक नई उम्मीद और कौतूहल का संचार किया है।

### मैट्रिक की परीक्षा दे रही 16 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** कदमा थाना क्षेत्र के श्यामनगर में रहने वाली मैट्रिक की परीक्षा दे रही 16 वर्षीय छात्रा मिष्ठी दास ने सोमवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना उस समय हुई जब मिष्ठी की मां काम पर गई हुई थी और परिवार के अन्य सदस्य राशन कार्ड के केवाईसी के लिए प्रज्ञा केंद्र गए थे। छात्रा मिष्ठी दास मैट्रिक की परीक्षा दे रही थी और सोनारी भारत सेवाश्रम स्कूल से पढ़ाई कर रही थी। उसके मामा राम पोद्दार ने बताया कि मिष्ठी की मां की शादी के कुछ साल बाद उसके पति ने उन्हें छोड़ दिया था, जिसके बाद से वे अपने मायके में रह रही थी। पुलिस ने शव को एमजीएम अस्पताल के शीतगृह में रख दिया है और मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

### उद्योग और शिक्षा जगत के बीच कौशल अंतर को दूर करने की पहल

- **बीआईटी मेसरा और एलएंडटी एडुटेक में समझौता**

**रांची।** भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक, बीआईटी मेसरा ने एलएंडटी एडुटेक के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। यह महत्वपूर्ण समझौता उद्योग और शिक्षा जगत के बीच कौशल अंतर को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे डिजिटल युग में नई पीढ़ी के पेशेवरों को तैयार किया जा सके। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत, एलएंडटी एडुटेक ने अपनी 'एजुकेट इंडिया (लर्नकनेक्ट)' पहल की शुरुआत की है, जिसके माध्यम से छात्रों को उद्योग से जुड़ी विभिन्न उपयोगी पाठ्य सामग्रियां प्रदान की जाएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में बीआईटी मेसरा के रजिस्ट्रार, डीन और एसोसिएट डीन (एलुमनाई रिलेशन एवं प्लेसमेंट), यूजी एवं पीजी विभागों के डीन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। एलएंडटी की ओर से संजीव शर्मा (हेड, डोमेस्टिक मार्केटिंग नेटवर्क), राजेश सिन्हा (ब्रांच मैनेजर, पूर्वी सिंहभूम) सहित अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बीआईटी मेसरा की शैक्षणिक उत्कृष्टता और एलएंडटी एडुटेक की औद्योगिक विशेषज्ञता के सम्मिलन से यह साझेदारी आधुनिक कार्यबल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक ठोस शैक्षिक ढांचा तैयार करने की दिशा में अग्रसर होगी। इस संबंध में बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने कहा कि एलएंडटी एजुटेक के साथ हमारी साझेदारी इस बात का प्रमाण है कि हम अपने विद्यार्थियों को समग्र शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी शामिल हैं। हमें विश्वास है कि इस सहयोग के माध्यम से हमारे छात्र तकनीकी रूप से और अधिक दक्ष बनेंगे और उद्योग जगत में अहम योगदान देंगे। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से बीआईटी मेसरा के छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उन्नत तकनीकी पाठ्यक्रमों और वास्तविक औद्योगिक अनुभव का लाभ मिलेगा। इन संसाधनों के माध्यम से उनकी रोजगार क्षमता और तकनीकी दक्षता को मजबूती मिलेगी, जिससे वे बदलते रोजगार बाजार के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे।

# आज महाशिवरात्रि, शहर से लेकर गांव तक भक्तिमय माहौल में शिव मंदिरों में होगा विशेष आयोजन

**जमशेदपुर।**



महाशिवरात्रि की तैयारियों के चलते शहर में भक्तिमय उत्साह देखने को मिल रहा है। भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह के प्रतीक इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। शहर से लेकर गांव तक के प्रमुख मंदिरों को विशेष रूप से रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। त्योहार से पहले ही 'ओम नमः शिवाय' के मंत्रों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। महाशिवरात्रि के दिन मंदिरों में रुद्राभिषेक का आयोजन होगा, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग का अभिषेक दूध, शहद, घी और गंगाजल से किया जाएगा। भव्य महाआरती में श्रद्धालु भगवान शिव से सुख, समृद्धि और शांति का आशीर्वाद मांगेंगे। महिलाओं द्वारा विशेष व्रत रखे जाएंगे, जिनका उद्देश्य वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना करना है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, क्योंकि बुधवार का दिन शिव पूजा के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के मंदिरों में पहुंचेंगे। भगवा वस्त्रधारी कांवड़िए गंगा जल लाकर मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे और शिव भक्ति गीत गाते हुए जुलूस निकालेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। प्रमुख मंदिरों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग की गई है, और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आपातकालीन सेवाओं के लिए चिकित्सा दल और स्वयंसेवक भी तैयार रहेंगे। महाशिवरात्रि, जिसे शिवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है, भारतभर में श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। यह पर्व शिव-पार्वती विवाह और गंगा के पृथ्वी पर अवतरण जैसी पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और श्ओम नमः शिवायश के जाप से आध्यात्मिक उन्नति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। जमशेदपुर में यह पर्व विशेष रूप से भव्य रहेगा। भक्त ध्यान और योग सहित विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। मंदिर रात्रि जागरण के लिए खुले रहेंगे, और शहर के कई हिस्सों में सांस्कृतिक व धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। जैसे-जैसे महाशिवरात्रि का पर्व निकट आ रहा है, पूरे शहर में शिव भक्ति की गूंज सुनाई दे रही है, जो श्रद्धालुओं को एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगी।

आज शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोकः- बुधवार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा शहर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए नो इंट्री के समय में परिवर्तन किया गया हैं। जिला प्रशासन द्वारा नो इंट्री से संबंधित जारी नोटिस के अनुसार 26 फरवरी को शहर में सुबह 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं लंबी दूरी के चलने वाली बसों के परिचालन पर रोक लगाई गई है. जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि के दौरान शहर में श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।


## जिला प्रशासन की टीम ने जैक बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**जमशेदपुर।**



जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण एवं परीक्षा के सफल संचालन का निर्देश दिया गया है इसी क्रम में धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, एसडीओ घाटशिला सुनिल चंद्र, एलआरडीसी धालभूम गौतम कुमार, सभी बीडीओ और सीओ द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा कि मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कदाचारमुक्त हो। मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। शिक्षकों को सख्त निर्देश दिया कि एक बेंच पर दो से अधिक छात्र-छात्राएं नहीं बैठें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या अन्य प्रतिबंधित उपकरण परीक्षा केंद्र में लाना सख्त मना है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के शिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रथम और द्वितीय पाली में छात्रों की अच्छी तरह जांच कर ही उन्हें परीक्षा कक्ष में बैठाएं ताकि परीक्षा कदाचार मुक्त हो।

### सैमसंग के सर्विस सेंटर्स में ग्राहकों को मिलेगा प्रीमियम अनुभव




**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नए रूप में पेश किया है, जिससे स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को पहले से बेहतर सेवा मिलेगी। नए डिज़ाइन किए गए सर्विस सेंटर्स में आरामदायक लाउंज-स्टाइल बैठने की सुविधा, इनबिल्ट वायरलेस चार्जिंग और अत्याधुनिक तकनीक से लैस डायग्नोस्टिक टूल्स शामिल किए गए हैं। सैमसंग ने सर्विस अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन को बढ़ावा दिया है। ग्राहकों को कतारों से बचाने के लिए ऑनलाइन प्री-बुकिंग और शेड्यूल चेक-इन की सुविधा भी दी गई है। इन सेंटर्स में सैमसंग के नवीनतम प्रोडक्ट्स और विशेष ऑफर्स के बारे में जानकारी देने के लिए डेडिकेटेड कियोस्क भी होंगे। इस संबंध में सैमसंग इंडिया में कस्टमर सैटिस्फैक्शन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुटिन्हा ने कहा कि हमने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्विस सेंटर्स का पुनर्गठन किया है, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाएं और एक प्रीमियम अनुभव मिल सके। कंपनी 3,000 से अधिक सर्विस टचपॉइंट्स के साथ इन नई सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से प्रमुख शहरों में लागू करेगी, जिससे ग्राहकों को बिक्री के बाद बेहतरीन सेवा मिल सके।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित

**जमशेदपुर।**



झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जमशेदपुर शाखा के आतिथ्य में हुए इस आयोजन में रांची, धनबाद, देवघर, झरिया, जामताड़ा, भागा, केंदुआ, चाईबासा सहित कई क्षेत्रों से आए लगभग 80 खिलाड़ियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और चेस जैसी प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिकेट टूर्नामेंट कॉपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में हुआ। बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल) मोहन आहुजा इनडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। टेबल टेनिस, कैरम और चेस की प्रतियोगिताएं राजस्थान भवन, बिष्टुपुर में आयोजित की गईं। खेल परिणामः- क्रिकेट में मंडल 1 विजेता, मंडल 3 उपविजेता रहा। बैडमिंटन में कीर्तन अग्रवाल (सिंगल विजेता), कीर्तन अग्रवाल एवं हेमंत अग्रवाल (डबल विजेता) रहे। टेबल टेनिस में हिमांशु चितलंगिया (सिंगल विजेता), हिमांशु एवं हर्षित चितलंगिया (डबल विजेता) बने। चेस में केशव चौखानी विजेता तथा कैरम में सनी जैन विजेता रहे। समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अश्विनी कुमार अग्रवाल सहित अनिल मोदी, मंटू अग्रवाल, उमेश खिरवाल, सुरेश शर्मा लिप्पू, परमेंद्र शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अरुण गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, सुगम सरायवाला, विकास अग्रवाल, विशाल पाड़िया, विजय आनंद मूनका, मानव केडिया, विनोद शर्मा, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, दिलीप कांवटिया समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित होकर युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### गोलमुरी यातायात थाना ने अवैध पार्किंग करने वालों पर की कार्रवाई




**जमशेदपुर।** आज गोलमुरी यातायात थाना की टीम ने बर्मामाइन्स थाना क्षेत्र के आरडीटाटा चौक से सुनसुनिया गेट होते हुए बर्मामाइन्स चौक तक सड़क पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की। टीम ने संबंधित वाहनों पर लाल पर्ची चिपकाई और भविष्य में गलत पार्किंग पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस अभियान के माध्यम से जनता में यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इस अभियान के तहत कुल 45 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शाम तक 10 वाहनों के मालिकों से 5,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। यह अभियान लोगों को सड़क पर उचित पार्किंग के महत्व के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहा है। गोलमुरी थाना क्षेत्र में टेल्को, सिदगोड़ा, गोलमुरी और बर्मामाइन्स के अलावा अन्य थाना क्षेत्रों में भी रॉन्ग पार्किंग, ड्रंकन ड्राइविंग और रैश ड्राइविंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। भविष्य में भी यातायात नियमों के पालन के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

## जेडआरयूसीसी की बैठक में टाटानगर से यात्री सुविधा में बढोत्तरी की मांग पर चर्चा

**जमशेदपुर।**



दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी की बैठक आज कोलकाता में संपन्न हुई। बैठक में जेडआरयूसीसी के सदस्य अरूण जोशी ने शामिल होकर, टाटानगर से यात्री सुविधा से जुडे अपने सुझावों को प्रमुखता से रखा। टाटानगर से रांची के बीच नई वंदे मेट्रो ट्रेन की शुरूआत तथा हावडा मुंबई लोकमान्य तिलक वंदे भारत (स्लीपर एडीशन) वाया टाटानगर की मांग के लिए उन्होंने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव निर्गत करने की बात कही। टाटानगर से परिचालित राउरकेला और हावडा वंदे भारत के साप्ताहिक रख रखाव को अन्य दिन परिवर्तित करते हुए यहां से सातों दिन इस ट्रेन की सुविधा देने की भी बात कही। यह भी कहा कि वर्तमान में टाटानगर कोचिंग डिपो बहुत ही कंजेस्टेड हो गया है। आवशयक है कि टाटानगर कोचिंग डिपो में वाशिंग लाइन की बढ़ोतरी की जाय अथवा कोचिंग डिपो को कहीं अन्यत्र स्थानांतरित किया जाय। यह भी सुझाया कि टाटानगर रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश क्षेत्र में ओला, उबर और रैपिडो के लिए पार्किंग स्थल आवंटित करने से यात्रियों को टेम्पो चालकों की दैनिक मनमानी से राहत मिलेगी। महिला एवं बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा हेतु उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी स्टेशनों पर फूट ओवरब्रीज की जगह रैंप की सुविधा विकसित करने की भी सलाह दी। यह कहा कि टाटानगर स्टेशन पर करोड़ों रूपये की लागत से स्टेशन का पुर्नविकास हो रहा है किंतु यहां रैंप का निर्माण नहीं हो रहा है। यहां पर सीढ़ीयों की जगह रैंप का भी निर्माण हो, यह सुनिश्चित किया जाय।

# मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में दो दिवसीय राजस्थान दिवस कार्यक्रम करने का निर्णय

**जमशेदपुर।**

### समाज की एकता को मजबूत करने पर चर्चा



पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की जिला-शाखा की बैठक तुलसी भवन बिस्टुपुर के प्रयाग कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें जिला एवं प्रान्त के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष-सचिव ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों में समाज की एकता को मजबूत करना और उसे और बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा करना था। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने सदस्यों का स्वागत गुलाब के फूल के साथ किया और पूरी सभा ने मारवाड़ी समाज के लिये करतल ध्वनि से तालियां बजाई। मुकेश मित्तल ने जिला-शाखा के समन्वय पर बल देते हुए बताया कि हमें आपसी तालमेल बैठाकर काम करने की आवशयकता है ताकि एक मजबूत एवं उज्ज्वल समाज के निर्माण में हम एक ईंट जोड़ सकें। उन्होंने प्रत्येक शाखा से साल में चार कार्यकम करने का आव्हान किया (गर्मी में शर्बत वितरण, ठंडा में कंबल वितरण, मारवाड़ी भाषा पर आधारित कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान एवं प्रेरणादायिक कार्यशाला) और इस बात पर बल दिया कि कार्यक्रम भले ही छोटे हों किंतु ऐसे होने चाहिए जिससे समाज को प्रेरणा और लाभ मिल सके। अध्यक्ष ने पुनः समाज के लिए एक स्थायी कार्यालय की आवशयकता पर बल दिया। बैठक में आगामी राजस्थान दिवस 2025 के भव्य आयोजन की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय कार्यक्रम करने पर बल दिया। सदस्यों ने इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की योजना बनाने और उन्हें सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सुझाव भी दिए। सभा को मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिंगसिया, मारवाड़ी सम्मेलन के संरक्षक धर्म चंद्र पोद्दार एवं श्रवण कुमार देबुका, सम्मानित सदस्य मयूर संघी एवं विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष और सचिव ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के महासचिव प्रदीप कुमार मिश्रा ने सुचारू रूप से बैठक आयोजित की और अपनी भावनाओं से सभा को अवगत कराया। मीडिया प्रभारी अंकित मोदी एवं उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल और पवन अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में मुख्य रूप से सुनील सोंथालिया, मनोज अग्रवाल, कमल लड्ढा, दीपक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल रामुका, महाबीर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, मालीराम अग्रवाल, लाला जोशी, लखन लाल अग्रवाल एवं कैलाश प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विजय कुमार गोयल ने किया।

न्यूज़ अपडेट

## भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास को ढहाने के मामले पर बोला हमला, उठाए सवाल



**एजेंसी : रांची** । भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार दिल्ली की पूर्व सरकार से बहुत ज्यादा प्रेरित रहती है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबंध भी अति मधुर रहे हैं। केजरीवाल ने दिल्ली में अपने लिए शीश महल बनाना शुरू किया था। अब सूचनाओं आ रही हैं कि झारखंड में भी मुख्यमंत्री सोरेन इसी का अनुसरण करने जा रहे हैं। आधिकारिक मुख्यमंत्री आवास जिसमें पिछले ढाई दशकों में अनेक मुख्यमंत्री ने निवास किया, उसको भवन निर्माण प्रमंडल-1 ने टेंडर निकालकर जमींदोज कर दिया है। पूरे तरीके से भवन को ढहाने का काम जारी है। यह ऐतिहासिक धरोहर है क्योंकि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री से लेकर अनेक मुख्यमंत्री ने यहां निवास किया था। प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को दावा करते हुए कहा कि अब विभाग की लगातार उच्च स्तरीय बैठकें हो रही हैं ताकि नए भवन का डीपीआर बन सके। जो जानकारियां मिल रही है उसके अनुसार दिल्ली के शीश महल की तर्ज पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए एक सभी आधुनिक सुख सुविधा से लैस शीश महल बनाने पर चर्चा चल रही है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हनुमान मंदिर की भव्यता पर जरा भी आंच नहीं आनी चाहिए। सरकार को यह बात सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि जिस प्रदेश में डेढ़ वर्षों में एक भी अबुआ आवास का गृह प्रवेश नहीं हुआ। जहां आज भी बड़ी संख्या में लोगों के सर पर छत नहीं है। ऐसे राज्य में इस तरह की अगर फिजूल खर्ची करने की सोची जा रही है तो यह प्रदेश के आदिवासी मूल निवासी जनता के साथ क्रूर मजाक होगा। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सत्ताधारी गठबंधन से मांग की कि वो रांची में बनने वाले शीश महल को लेकर स्थिति स्पष्ट करें।

## वाटर शेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**एजेंसी : रांची लोहरदगा** । लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड में मंगलवार को झारखंड राज्य जलछाजन मिशन योजना ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत वाटर शेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप शेखावत द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जीप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि किसान सरकार को योजना में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने अपने घर और गांव में योजनाओं का चुनाव करें। इसके तहत मेढ़ बंधी, तालाब निर्माण, डोभा निर्माण मेढ़ में वृक्षारोपण और कृषि की नई तकनीक अपनाकर अपनी आजीविका को अपनाए और जीवन मे आगे बढ़े। आज कई ऐसे किसान हैं जो परंपरागत खेती से हटकर एस्ट्रॉबेरी, गन्ना, फूल जैसे खेती अपना कर आगे बढ़ रहे हैं। इसे हर किसान को अपनाने की जरूरत है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप शेखावत ने कहा कि हमारा जिला ग्रामीण जिला है और यहां निवास करने वाले किसान हैं। ऐसे में जरूरत है कि पानी का रख रखाव करते है। कम पानी मे ज्यादा कृषि की तकनीक पर ध्यान दिया जाए। आज जिन किसानों को सम्मानित किया जा रहा है। ऐसे किसानों से भी सीखने की जरूरत है। हर किसान की जिम्मेवारी है कि इस योजना को सफल बनाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें ताकि हमारे प्रधानमंत्री का जो सपना है वह पूरा हो सके। कार्यक्रम मे सभी अतिथियों की ओर से अलग अलग विभाग के जरिए लगाए गए स्टाल का निरीक्षण करते हुए पपीता, ओल, अमरूद, गेहूं, सरसों इत्यादि उत्पाद का बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में फीता, गमला व छोटा फुहारा मशीन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रखण्ड परिसर में पौधारोपण किया गया।मेढबन्धी को लेकर भूमि पूजन किया गया तथा अतिथियों द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## युवती ने परिजनों को भेजा वीडियो मैसेज, कहा मैंने स्वेच्छा से की शादी



**एजेंसी : रांची रामगढ़** । रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र चितरपुर, सोनार मोहल्ला निवासी युवती को घर लाने के लिए बवाल मचा है। इस बीच आशा वर्मा ने अपने परिजनों को वीडियो मैसेज भेजा है। यह वीडियो आशा की बहन के सामने ही रिकॉर्ड हुआ है। लड़की ने लव जिहाद की बातों को नकार दिया है। उसने कहा है कि उसने स्वेच्छा से शादी की है ना कि शादी के लिए कोई ज़बरदस्ती की गई है। मैं केरल में अपने स्वेच्छा से ग़ालिब के साथ गई हूं। शादी की हूं और खुश हूं, मैं बालिग हूं और बहुत जल्द में अपने घर आ रही हूं। जानकारी के अनुसार युवती छह बहन और एक भाई के साथ घर में रहती थी। माता-पिता जेवर का दुकान दर्जी मोहल्ले में ही संचालित करते हैं। चार बहनों की शादी पहले ही हो चुकी है। ऐसी चर्चा है कि दुकान में बैठने के दौरान ही उसका संबंध मो गालिब के साथ जुड़ा। काम के सिलसिले में ग़ालिब कुछ वर्षों तक दुबई में भी रहा है। लेकिन दोनों के बीच का संबंध टूटे नहीं। इधर माता-पिता ने आशा की शादी तय कर रहे थे। जल्द ही इंगेजमेंट और शादी की तारीख तय होने वाली थी। इसी बीच 9 फरवरी को युवती मो. गालिब के साथ केरल चली गई।

## झारखंड विस बजट सत्रः स्वास्थ्य मंत्री ने बताया- हजारीबाग में बन रहा है 500 बेड का अस्पताल

**एजेंसी : रांची** । झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है। डॉक्टरों की कमी है। इंमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा। 25 मई तक भवन तैयार हो जाएगा। रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। विधायक मथुरा प्रसाद महतो की ओर से पूछे गये डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है। इसमें संशोधन होना चाहिए। जितने भी खनिज हैं, सभी से रॉयल्टी आता है।

# महिला दिवस पर दी जायेगी मंईयां योजना की तीनों किस्त : दीपिका

**बजट सत्र : दूसरा दिन**



**रांची ।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि जल्द ही लाभार्थियों को दी जायेगा। मंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि समय पर नहीं भेजी जा सकी। लेकिन अब समस्या दूर कर ली गयी है। जल्द ही सभी लाभार्थियों के खातों में एक साथ तीन माह की राशि 7500 रुपये ट्रांसफर की जायेगी। उन्होंने बताया कि होली या महिला दिवस के अवसर पर मंईयां योजना की तीनों किस्त दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने की क्षमता रखती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया था। हालांकि कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण राशि के वितरण में बाधायें आयीं। लेकिन इसे ठीक कर लिया गया है।

## देश के सभी मेट्रो सिटीज में होगा BSPS गेस्ट हाउस



झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन(JJA) की राष्ट्रीय इकाई भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(BSPS Union) द्वारा अब देश भर के पत्रकारों को दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई भोपाल, पटना, रांची जैसे प्रमुख शहरों में मात्र 200 में गेस्ट हॉउस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

इसकी शुरुआत दिल्ली, भोपाल एवं कोलकाता से मार्च से ही की जा रही है. BSPS दिल्ली गेस्ट हॉउस दिल्ली एयरपोर्ट से मात्र 20 मिनट एवं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 30 मिनट में मेट्रो से पहुंच पाएंगे. गैर मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकारों(60 वर्ष) के पेंशन एवं स्वास्थ्य बीमा के लिए भी संगठन द्वारा विचार किया जा रहा है.जिन राज्यों में सरकार द्वारा यह सुविधा नहीं दी जा रही है उन राज्यों के आर्थिक रूप से कमज़ोर पत्रकारों के लिए यह शुरुआत जून-जुलाई से शुरू की जाएगी.

## किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं, पुलिस कर रही कार्रवाई : डीसी

**एजेंसी : रांची रामगढ़**



रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में दो समुदायों के युवक और युवती के एक साथ फरार होने के बाद समाज में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। इस स्थिति को सामान्य करने के लिए डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने खुद ही मोर्चा संभाला। चितरपुर बाजार से लेकर उन गलियों में भी पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया, जहां युवक और युवती का घर है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात युवती और युवक के शादी की है, कानून बालिगों को पूरा संरक्षण देता है। वह अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं। लेकिन इन सबसे अलग शांति व्यवस्था भंग करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं और जबरन सड़क बंद कराने, रोड जाम करवाने जैसी बातें सामने आ रही हैं। अगर किसी व्यक्ति पर दबाव बनाया जा रहा है तो वह खुलकर अपनी बात रख सकता है। प्रशासन उसे सहयोग करेगा। लेकिन कोई कानून हाथ में लेकर जबरन चक्का जाम और दुकान बंद नहीं करवा सकता। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस काफी संवेदनशीलता के साथ अपना काम कर रही है। नौ फरवरी को युवती के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम केरल भेजी गई। युवती के परिजन भी टीम के साथ गए थे। एलेप्पी जिले के कायमकुलम थाने में युवती ने वकील के समक्ष अपना बयान दिया। यहां तक कि लिखित बयान और वीडियो बयान भी उसने जारी किया है। जिसमें उसने कहा है कि मो गालिब के साथ उसने अपनी मर्जी से शादी की है। 22 फरवरी को युवती के भाई रौनक ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में भी टीम दोबारा केरल भेजी गई है। एसपी अजय कुमार ने कहा कि झारखंड और रामगढ़ काफी शांतिप्रिय स्थान है। यहां सभी समुदायों में भाईचारगी है।

## हावड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः नकली टाटा डीईएफ यूरिया किया ज़बत , 3 गिरफ्तार




**संवाददाता**

**हावड़ाः** टाटा मोटर्स इंडिया की अधिकृत टीम के द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने वेस्ट बंगाल के हावड़ा, में 4 स्थान पर छापेमारी की। वेस्ट बंगाल, हावड़ा पुलिस अधीक्षक श्री सुबिमल पॉल के आदेश पर कार्रवाई करते हुए, बगनान पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक अजीजुल की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान, हजारो लीटर नकली टाटा डीईएफ यूरिया आदि जप्त किये गए. चालंतिका टिफिन स्टॉल से, अर्जेल अली, उम्र - 57 वर्ष, आरके कॉफीहाउस से, राजेश मोल्ला, उम्र - 19 वर्ष, बाबू ऑटोमोबाइल से, राजेश मोल्ला, उम्र - 19 वर्ष, व् गुलजार मोल्ला, उम्र - 47 वर्ष, के रूप में पहचाने गए आरोपी को नकली टाटा डीईएफ यूरिया मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एफआईआर संख्या 107/2025 के तहत मामला दर्ज किया है और बीएनएस अधिनियम, 2023 की धारा 318 (4), 345(3), 347, व् कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63, 65 और ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 की धारा 104 के तहत आरोप लगाया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# अपहृत युवती को वापस लाने के लिए सांसद ने किया चक्का जाम, पुलिस ने मांगे 72 घंटे






**एजेंसी : रांची रामगढ़**

रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से युवती के अपहरण को लेकर दो संप्रदायों का तनाव बढ़ता जा रहा है। अपहृत युवती को केरल से वापस लाने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पहले उन्होंने प्रशासन को 72 घंटे की मोहलत दी। इसके बाद 24 फरवरी को मशाल जुलूस निकालकर प्रशासन को चुनौती दी। इसके बाद मंगलवार की सुबह 6 बजे रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को चितरपुर प्रखंड में जाम कर दिया। चक्का जाम की वजह से गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जिला प्रशासन ने सांसद को 72 घंटे में लड़की को वापस लाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। आंदोलन के बाद सांसद ने कहा कि पुलिस अगर पहले ही तत्परता दिखाई होती तो जनता को सड़क पर उतरना नहीं पड़ता। लगभग 15 दिनों पहले यह वारदात हुई थी। पुलिस को लड़की को वापस लाने की मांग रखी गई थी। आज चक्का जाम कार्यक्रम में प्रशासन को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही की वजह से जनता में आक्रोश है और समाज में अफवाहें फैल रही हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन को सचेत रहने की आवश्यकता है। चितरपुर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार जिले के तमाम अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने लगभग पांच किलोमीटर तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान बंद समर्थकों को अपनी दुकान खोलने की बात कही। साथ ही जिस मोहल्ले में युवक और युवती का घर है, उस क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा।

## झारखंड विस बजट सत्रः पेपर लीक मामले को लेकर सदन के बाहर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन




**एजेंसीःरांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सत्र से पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन किया। विधायकों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर प्रदेश की हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में जितनी परीक्षाएं होती हैं सभी परीक्षाओं में पेपर लीक हो जाता है। विधायकों ने पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव ने पेपर लीक मामले को लेकर कहा कि पांच दिन हो गये हैं लेकिन हेमंत सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। सदन के बाहर प्रदर्शन करने वालों में डॉ नीरा यादव, बाबूलाल मरांडी, नवीन जायसवाल सहित अन्य शामिल थे।

## इंद्रपुरी में 26 को निकलेगी महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा




**एजेंसी : रांची**

श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति रातु रोड के इन्द्रपुरी, कृष्णा नगर कॉलोनी, रांची के तत्वावधान में बुधवार को महाशिवरात्रि का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह करेंगे। महाशिवरात्री के शुभ अवसर पर देवाधिदेव महादेव की बारात की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप को भी दिखाया जाएगा और उनकी महाआरती और पूजन किया जाएगा। शोभायात्रा इन्द्रपुरी शिव मंदिर के परिसर से दोपहर एक बजे बजे निकाली जाएगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने दी।

## राष्ट्र निर्माण में एनसीसी और एनएसएस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : राज्यपाल

**एजेंसी : रांची**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये संगठन युवाओं को सामाजिक सेवा, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की दिशा में प्रेरित करते हैं। रक्तदान, साक्षरता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में इनकी सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में आयोजित एट होम कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस शिविर-2025 में झारखंड राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने के लिये बधाई देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने एनसीसी से अपने जुड़ाव का स्मरण करते हुए कहा कि छात्र जीवन में उनका भी एनसीसी से गहरा नाता रहा है और सैन्य सेवा की ओर उनका झुकाव था। हालांकि आपातकाल के दौरान जेल जाने के बाद उनका जीवन एक नया मोड़ ले लिया और वे राजनीति में सक्रिय हो गए। बरेली की जनता के स्नेह से वे आठ बार लोकसभा सांसद चुने गए और अब झारखंड राज्य के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए एनसीसी और एनएसएस में बेटियों की बढ़-चढ़कर भागीदारी को एक उज्ज्वल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आज अपने साहस और नेतृत्व क्षमता से देश और समाज को नई दिशा दे रही हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'युवा शक्ति, विकसित भारत' के विज़न का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस देश की विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जहां भारत के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राएं एकजुट होकर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व की भावना का विकास करते हैं। राज्यपाल ने झारखंड राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को एनसीसी और एनएसएस से जुड़ने का आह्वान किया ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, एनसीसी के एडीजी, बिहार-झारखंड मेजर जनरल एएस बजाज, एनसीसी के वरीय पदाधिकारी, एनएसएस के समन्वयक, एनसीसी के कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## सुविचार

कागजों को एक साथ जोड़े रखने वाली पिन ही कागजों को चुभती है, उसी प्रकार परिवार को भी वहीं व्यक्ति चुभता है जो परिवार को जोड़ के रखता है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कैग रिपोर्ट : गहरे भंवर में 'आप'

दिल्ली की पूर्ववर्ती 'आप' सरकार की आबकारी नीति पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का जल्दी पीछा छोड़ने वाली नहीं है। विधानसभा में पेश की गई कैग रिपोर्ट के इस खुलासे कि 'दिल्ली सरकार को वर्ष 2021-2022 की आबकारी नीति के कारण 2,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ', ने 'आप' को आड़े हाथों लेने के लिए भाजपा को एक और मौका दे दिया है। भले ही पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी यह कहकर आबकारी नीति का बचाव करें कि 'उससे पुरानी नीति भ्रष्टाचार और तस्करी से ग्रस्त थी', इस संपूर्ण घटनाक्रम से केजरीवाल की छवि को गहरा धक्का लगा है। कभी ईमानदारी, सादगी, सच्चाई, नैतिकता और न्याय की बातें करते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर हमला बोलने वाले केजरीवाल जब खुद आरोपों के भंवर में फंसे तो ऐसे फंसे कि विधानसभा चुनाव में अपनी सीट भी हार गए। इतिहास गवाह है, शराब की बोतलों में बड़ी-बड़ी सल्तनतें डूब गईं। अगर केजरीवाल इतिहास से सबक लेते तो इस साल दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे कुछ और ही होते। अरविंद केजरीवाल के 'गुरु' अन्ना हजारे भी स्वीकार कर चुके हैं कि शराब की दुकानें खोलने की वजह से लोगों ने उन्हें सबक सिखाया। हालांकि बात सिर्फ इतनी नहीं है। 'आप' सरकार के पतन में आबकारी नीति ने बड़ी भूमिका यकीनन निभाई थी। इसके अलावा भी कई कारण थे, जिनकी ओर 'आप' के शीर्ष नेतृत्व ने कोई ध्यान नहीं दिया था। जब केजरीवाल का भारतीय राजनीति में उदय हुआ तो लोगों ने उनसे बहुत ज्यादा उम्मीदें लगा ली थीं। वे जिस तरह कागजात लहराते हुए अन्य पार्टियों के नेताओं की ईमानदारी पर सवाल उठाते थे, उससे उनकी छवि एक ऐसे व्यक्ति की बनी, जो देश की दशा और दिशा, दोनों बदलने में सक्षम था। जिन लोगों ने उनके साथ खड़े होकर आंदोलन किया, नारे लगाए, उन्हें भी लगा था कि अब भ्रष्टाचार का अंत निकट है।


अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की सत्ता में आकर जो फैसले लिए, उनसे लोगों को कहीं-न-कहीं यह महसूस हुआ कि मुख्यमंत्री महोदय उन वचनों एवं आदर्शों से दूर होते जा रहे हैं, जिनका पहले जिक्र करते नहीं थकते थे। उन्होंने जिस कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए इतना हंगामा खड़ा किया था, बाद में उसी के साथ गठबंधन कर लिया। वे इंडि गठबंधन के नेताओं के साथ मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाने लगे थे। उन्होंने और 'आप' विधायकों ने सरकारी सुविधाएं भी लीं, जिससे सादगी के दावे धरे रह गए। केजरीवाल की छवि को एक और बड़ा नुकसान मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले खर्चों से हुआ, जिसे भाजपा ने 'शीशमहल' करार दिया था। अगर केजरीवाल सत्ता में आने के पहले ही दिन इस बात का संकल्प ले लेते कि हर सूरत में सादगी का सख्ती से पालन करेंगे, तो भाजपा को उन पर हमला करने का ऐसा मौका ही न मिलता। बेहतर होता कि वे मुख्यमंत्री आवास का एक हिस्सा जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए सौंप देते और खुद की जरूरतें बहुत सीमित रखते। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के कई नेताओं ने तमाम संसाधन होने के बावजूद सीमित चीजों में गुजारा किया था। उनके जीवन में सादगी और पारदर्शिता थी। उस दौरान कई मुद्दों को लेकर मतभेदों के बावजूद जनता को उन पर भरोसा था कि हमारे नेता सादगी और ईमानदारी के मामले में किसी से समझौता नहीं करेंगे। 'शीशमहल' विवाद ने जनता के बीच इस धारणा को मजबूत किया कि अब केजरीवाल महान आदर्शों की बातों से कोसों आगे निकल चुके हैं, 'आप' भी अन्य पार्टियों के ढर्रे पर चल पड़ी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'आप' की हार सभी पार्टियों के लिए एक सबक है। सुधार की बड़ी-बड़ी बातें करना, आदर्शों का प्रचार करना, जनता को सुनहरे सपने दिखाना एक सीमा तक ठीक है, लेकिन खुद अपने शब्दों पर कायम नहीं रहेंगे और समय आने पर उनसे विपरीत आचरण करेंगे तो जनता आपको अर्श से फर्श पर लाने में देर नहीं लगाएगी। चाहे आप कितने ही बड़े नेता हों। याद रखें, जनता बड़े-बड़े सम्राटों का 'भ्रम' दूर कर चुकी है। लोकतंत्र में नेता से जनता का विश्वास जाता रहे तो पीछे क्या बचता है?

## ट्वीटर टॉक



बूंदी के करवर में आज पूर्व विधायक प्रभुलाल करसोलिया जी की मूर्ति का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनका पूरा जीवन समाज सेवा और जनकल्याण को समर्पित रहा, और उनके विचार, संकल्प व सेवा भावना हमें निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

**-ओम बिरला**



ओडिशा की माननीया उप मुख्यमंत्री श्रीमती प्रवाती परीदा जी के साथ एक समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव, पर्यटन विभाग सचिव व अन्य आला अधिकारियों से पर्यटन विकास की योजनाओं व संभावनाओं पर विमर्श हुआ।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर पर्यटकों की सुविधाओं और राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहरों को और सशक्त बनाने पर चर्चा की। बैठक के दौरान बताया कि पर्यटकों की सुविधा और त्वरित जानकारी के लिए स्मार्ट मोबाइल ऐप तैयार किया जा रहा है।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# त्याग से अटूट संबंध

एक बार वन में चलते हुए माता सीता को प्यास लगी। भगवान राम इधर-उधर पानी की तलाश में थे कि तभी एक मोर से उनकी मुलाकात हुई। मोर ने भगवान राम को बताया कि यहां से कुछ दूरी पर एक जलाशय है और उसने भगवान राम से कहा कि वह मार्ग में उनका पथ-प्रदर्शक बनेगा। मयूर ने प्रभु राम से कहा, 'किंतु मार्ग में हमारी भूल-चूक होने की संभावना है।' प्रभु राम ने पूछा, 'ऐसा क्यों?' मयूर ने उत्तर दिया, 'क्योंकि मैं उड़ता हुआ जाऊंगा और आप पैदल चलेंगे। अतः मैं मार्ग में अपना एक-एक पंख बिखेरता जाऊंगा, ताकि आप जलाशय तक पहुंच सकें।' जलाशय तक पहुंचते-पहुंचते मयूर ने एक-एक करके अपने सारे पंख गिरा दिए और वह मरणासन्न स्थिति में पहुँच गया। लेकिन उसे यह सुकून था कि उसने प्रभु राम, जो जगत की प्यास बुझाने वाले हैं, उनकी प्यास बुझाने में योगदान दिया। तभी प्रभु श्री राम ने मयूर से कहा, 'मेरे लिए तुमने जो पंख बिखेरे हैं और मेरी सहायता की है, उससे जो उपकार हुआ है और ऋणानुबंध चढ़ाया है, वह मैं अगले जन्म में जरूर चुकाऊंगा।' इसी कारण द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने अपने माथे पर मयूर पंख धारण कर मयूर का ऋण चुकाया और अपने वचन का पालन किया।

## सामयिक

# आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण त्यौहार है महाशिवरात्रि



**महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है। हमें भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को प्रदर्शित करता है। यह दिन हमें इस बात की याद दिलाता है कि यदि हम अच्छे कर्म करेंगे और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखेंगे तो ईश्वर भी हमारी रक्षा अवश्य केरेंगे। लोगों का मानना है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव हमारे निकट होते हैं और इस दिन पूजा अर्चना तथा रात्रि जागरण करने वालों को उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।**

हिंदू धर्म में सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है। इस दिन सभी शिव मंदिरों में भीड़-भाड़ का माहौल रहता है। महाशिवरात्रि के दिन सभी भक्त महादेव की कृपा पाने के लिए विधिवत पूजा-पाठ करते हैं। पंचांग के अनुसार शिवरात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।

यौगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं।

पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अतः उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये।

एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया। प्रातः होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अतः शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा।

शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए।

उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है।

योगियों और संन्यासियों के लिए यह वह दिन है जब शिव कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। योगिक परम्परा में शिव को ईश्वर के रूप में नहीं पूजा जाता है। बल्कि उन्हें प्रथम गुरु, आदि गुरु माना जाता है। जो योग विज्ञान के जन्मदाता थे। कई सदियों तक ध्यान करने के बाद शिव एक दिन वह पूरी तरह स्थिर हो गए। उनके भीतर की सारी हलचल रुक गई और वह पूरी तरह स्थिर हो गए। वह दिन महाशिवरात्रि था। इसलिए संन्यासी महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात के रूप में देखते हैं।

महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है। हमें भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को प्रदर्शित करता है। यह दिन हमें इस बात की याद दिलाता है कि यदि हम अच्छे कर्म करेंगे और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखेंगे तो ईश्वर भी हमारी रक्षा अवश्य केरेंगे। लोगों का मानना है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव हमारे निकट होते हैं और इस दिन पूजा अर्चना तथा रात्रि जागरण करने वालों को उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। कई लोग इस दिन दान धर्म करते है तथा गरीबों को खाना खिलाकर भगवान शिवजी से अपनी सुखी जीवन के लिए प्राथना करते है। महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।

## नजरिया

# शिवरात्रि है शिव से साक्षात्कार का महापर्व



आदि देव महादेव शिव सभी देवताओं में सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने एवं पापों का नाश करने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। वे आशुतोष है तो भोले शंकर भी है, एक ओर जन-जन के आदर्श है तो दूसरी ओर साधकों के साधक। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सत्यं शिवं सुन्दरम के प्रतीक शिव और उनकी रात्रि, जन-जन के जागरण की महाशिवरात्रि प्रतिवर्ष फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनायी जाती है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से पार्वती के मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है, जो शिव से एकाएक होने की चरम साधना का उत्कर्ष है। इससे जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिवरात्रि जागृति का पर्व है। जिसमें आत्मा का शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है।

प्रयागराज में महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के पवित्र एवं चमत्कारी स्नान के साथ होगा। ग्रहों और नक्षत्रों के विशेष संयोग के चलते इस बार की शिवरात्रि बेहद पुण्यदायक बताई जा रही है। प्रयागराज महाकुंभ में तो इसका महत्व और भी कई गुना बढ़ गया है। महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर बेहतर विशेष संयोग बन रहे है। इस बार सूर्य का चुंबकीय प्रभाव बहुत ही दिव्य है। ऐसा दैवीय संयोग सैकड़ो सालों के बाद बन रहा है। इस बार की महाशिवरात्रि पर चतुर्ग्रहीय योग बन रहा है। इसमें शिवयोग भी शामिल है। महाशिवरात्रि पर शिवयोग बेहद फलदायक और कल्याणकारी होता। महाकुंभ विश्व के सबसे बड़े, प्राचीन और धार्मिक उत्सवों में एक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निर्माता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई।

सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दुःख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दुःख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले।

भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं। यह पर्व महाकाल शिव की आराधना का महापर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा एवं अभिषेक करने पर उपासक को समस्त तीर्थों के स्नान का फल प्राप्त होता है। शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है। शिव ने संसार और संन्यास दोनों को जीया है। उन्होंने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। लेकिन हम इतने भोले हैं कि अपने शंकर को नहीं समझ पाए, उनको समझना, जानना एवं आत्मसात करना हमारे लिये स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला अनुभव सिद्ध हो सकता है। मानवीय जीवन के सभी आयाम शिव से ही पूर्णत्व को पाते हैं।

न्यूज अपडेट

## 89 वीं महाशिवरात्रि पर प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने निकला शोभा यात्रा



**प्रतिनिधि बरही।** बरही। सोमवार को सेवाकेंद्र प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा तिलैया रोड केशरी धर्मशाला के समीप आगामी 89 वीं महाशिवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शंकर- पार्वती एवं गणेश जी की जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया था। शोभा यात्रा बरही चौक के चारों रोड भ्रमण करते हुए पुनः अपने स्थानीय सेवा केंद्र पर पहुंची। इस कार्यक्रम में रांची से आए ब्रह्माकुमारी राजमती बहन एवं बरही के केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी वीना बहन ने सभी को संबोधित करते हुए झांकी के माध्यम से बताया कि शिव अर्थात कल्याणकारी, हम सभी का जीवन का कल्याण तभी हो पाएगा, जब शिवरात्रि के सच्चे रहस्य को जानेंगे और शिव के द्वारा मिलने वाली ज्ञान को अपनाएंगे तभी हमारे जीवन से अज्ञान रूपी अंधकार, भ्रष्टाचार, अत्याचार एवं पापाचार मिटेगी। शोभायात्रा में जया माता, स्नेहा माता, डोली माता, राधा माता, ज्योति माता, रीना माता, रामदेव भाई, पिंटू भाई,दीपक भाई एवं अन्य सभी सम्मिलित हुए।

## पूर्व मुखिया के पिता के निधन, अंतिम संस्कार आज



**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाक प्रखंड के मांगुरा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार मेहता के पिता भुनेश्वर महतो का निधन मंगलवार संध्या हो गया। जिससे पंचायत में शोक की लहर दौड़ गयी। स्व महतो करीब 90 वर्ष के थे। उनका निधन से जहां एक ओर लोगो मे शोक हुई वहीं दूसरी ओर महाशिवरात्रि के त्योहार की खुशियों में भी ग्रहण लग गया। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को मंगुरा स्थित श्मशान घाट में किया जाएगा। इसकी जानकारी पूर्व मुखिया मनोज कुमार मेहता ने दी।

## चूरचू मे माता शबरी की जयंती मनाई गई

चूरचू मे भुइयां समाज के लोगों द्वारा माता शबरी की जयंती धूम धाम से मनाई गई! इस दौरान लोगों ने जल यात्रा का भी आयोजन किया! जल यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा! इसके उपरांत लोगों ने माता शबरी के चित्र रख कर विधिवत पूजा अर्चना कर माता शबरी और प्रभु श्री राम के भक्त प्रेम पर आधारित गुणों का बखान किया! कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भूत पूर्व जिप सदस्य शारदा ऋषि भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम चूरचू गांव के समाजसेवी शंकर कुमार भुइंया पतरा कलां गांव स्थित चर्च के फादर क्रिस्टोफर ने कार्यक्रम में शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया! वहीं 25 फरवरी के रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया! साथ हीं 26 ×फरवरी को जुलूस निकाला जाएगा! मौके पर अध्यक्ष तीजन भुइंया सचिव किशन कुमार कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार महामंत्री प्रेम भुइयां गुलाब राम रवि रमन भुईयां समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे! उक्त आशय की जानकारी समाजसेवी तिलेश्वर कुमार ने दी है!

## सारूकुदर पंचायत सचिवालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर पंचायत सचिवालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर का आयोजन मुखिया उत्तम कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसमे लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल बहेरा आश्रम चौपारण के चिकित्सक टीम द्वारा जांच किया गया। इस अवसर पर सहायक चिकित्सक सुलेखा कुमारी,पंकज कुमार के द्वारा 36 रोगियों का निशुल्क जांच किया गया। जिसमे 07 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बहेरा आश्रम चौपारण ले जाया गया। मौके पर जगदीश महतो, जीवाधन मिस्त्री, तेजो महतो, टेकोचंद महतो,रिंकी देवी, रामेश्वर महतो, हुलास महतो, सकीना खातून,योगेंद्र पटेल,सोमर साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधायक मनोज यादव ने विधानसभा में उठाया निर्माण कार्य में बालू संकट का मामला



**प्रतिनिधि बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा में निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री बालू की भारी कमी का मामला उठाया। विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि बालू की कमी से झारखंड में निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। बालू की कमी की गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए सरकार से बालू की उपलब्धता नियम संगत तरीके से सुनिश्चित कराने की मांग की। कहा कि बालू आपूर्ति रुकावट के कारण सरकारी, गैर-सरकारी, निजी निर्माण कार्य, ठप्प है। विधायक मनोज यादव ने प्रदेश में बालू आपूर्ति से जुड़े नियमों की समीक्षा कर बालू खनन और परिवहन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर विचार करने के लिए कहा। कहा कि सरकार बालू की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित नहीं करती है तो अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## राशनकार्डधारी गरीबों को कम अनाज देने की शिकायत मंत्री से की



**प्रतिनिधि बरही।** ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने राशनकार्डधारी गरीबों को कम अनाज देने की शिकायत स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख से की है। रांची में मंत्री इरफान अंसारी के समक्ष बरही विधानसभा में गरीब राशन कार्ड धारकों को मिल रहे कम अनाज को लेकर शिकायत की। बताया कि अधिकांश डीलर राशनकार्डधारी से अनाज की कटौती करते हैं। यह एक आदत सी बन गई है। शिकायत करने पर राशन डीलर गोदाम से कम अनाज मिलने का बहाना करते हैं। इस मामले की जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने और गरीबों को पूरा अनाज मिलना सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# बड़गांव प्रखंड में आज धूमधाम से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि पूजा तैयारी पूरी

**बड़कागांव ।**

बड़कागांव प्रखंड में महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड के तमाम शिवालयों का रंग रोगन एवं सजावटी कार्य पूरी कर ली गई है। आज महाशिवरात्रि की पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रखंड में सभी 23 पंचायतो में तकरीबन कुल 151 मंदिरों में हर हर महादेव की गूंज होगी। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर पिछले 16 वर्षों से बड़कागांव राम जानकी मंदिर से निकाली जा रहे शिव बारात तनाव को देखते हुए जुलूस कार्यक्रम इस बार रद्द कर दी गई है । मामले को लेकर बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी ने कहा कि बुढ़वा महादेव में तनाव को देखते हुए शिव बारात कार्यक्रम रद्द किया कर दिया गया है। बताते चले की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात में महाकाल जागरण मंडली कानपुर के कलाकार के द्वारा प्रदर्शन होना था ।जो श्रद्धालुओं के ऊपर पानी फिर गया। महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से भी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुढ़वा महादेव में विशेष रूप से पुलिस बल तैनात की गए हैं। ताकि विधि व्यवस्था सामान्य रखा जा सके।



## घरेलू हिंसा का खौफनाक अंतः बड़कागांव में महिला की हत्या, पति सलाखों के पीछे

**बड़कागांव ।**




बड़कागांव थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव में दिनांक 21.02.25 को एक खौफनाक घटना सामने आई। सोनिया देवी नामक महिला की उनके पति, कैलाश महतो ने कथित तौर पर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के शव को बरामद किया और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आवेदिका सोनिया देवी के लिखित आवेदन के आधार पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 35/25, दिनांक 21.02.25, धारा 80(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला के शव को बरामद किया और आरोपी पति, अनिल कुमार महतो, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता फागू प्रजापति, साकिन विश्रामपुर, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 80(2)/3(5) के तहत, हत्या के मामले में कठोर दंड का प्रावधान है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही अदालत में आरोप पत्र दाखिल करेगी।

## सड़क दुर्घटना में मौत के विरोध में 24 से घण्टे सड़क जाम!!

**केरेडारी।** केरेडारी-टण्डवा मुख्य पथ के बुकरू मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में सोमवार के शाम में हुए मौत के बिरोध में मृतक के परिजन एवं आम लोगो ने हजारीबाग-टण्डवा मुख्य पथ पर मृतक के शव को लेकर धरना पर बैठ गए है! जिसके कारण सड़क जाम है।सड़क जाम होने से राहगीरों को का×फी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।मृतक के बड़े भाई अभिषेक कुमार मिश्रा एवं भाभी बिनीता मिश्रा एवं पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने घटना के एवज में मृतक के परिजन को एक नौकरी एवं 10 लाख मुआबजे की मांग कर रहे है।धटना स्थल पर केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल,केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने परिजन एवं आम लोगो को काफी समझाने का प्रयास किया पर अबतक बात नही बनी है। इसके अलावे थाना प्रभारी विवेक कुमार ने पीएनएम कम्पनी के मैनेजर मोहन गुप्ता को फोन से बुलाने का प्रयास किया पर वह फोन नही उठा रहे थे।ज्ञात हो कि गत सोमवार को 06 बजे शाम पतरातू थाना क्षेत्र के सायल निवासी दवा बिक्रेता अश्वनी मिश्रा उम्र 35 वर्ष पिता विभूति भूषण मिश्रा टण्डवा में दवा पहुचाकर अपने घर सायल लौट रहा था।उसी क्रम में चट्टी बारियातु कोल माइंस के पीएनएम कम्पनी के कोयला लड़ा हाइवा के चपेट में आ गया,एवं घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी!

## भीषण सड़क में एक व्यक्ति की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-धनबाद मुख्य पथ पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा घटित हुआ। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं इस घटना में कई लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गिरिडीह- धनबाद मुख्य सड़क पर पंडरी के समीप मंगलवार को एक ऑटो और बाइक में सीधी टक्कर हो गयी। हादसे में जहां बाइक के परखच्चे उड़ गये। वहीं बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान धनबाद जिले के पांडरकनाली, गरभूडीह निवासी शंकर महतो के पुत्र समरेश महतो के रूप में हुई।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई में जुटी है। वहीं इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार सभी लोग घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में सप्ताहित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन



**प्रतिनिधि बरही।** बढ़ी। पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता द्वारा सप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया। महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण की शुरुआत की। वृक्षारोपण श्रृंखला में फलदार, छायादार तथा औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण प्रारंभ किया गया। पूरा महाविद्यालय परिवार इसमें सम्मिलित रहे। जिसमें शिक्षकेत्तर कर्मचारी की विशेष भूमिका रही। डॉ. अनूप कुमार मेहता ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विशिष्ट दिवसों पर इस प्रकार की गतिविधियों का होना चाहिए जो न केवल महाविद्यालय परिसर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि पूरे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। जब सुरक्षित रहेगा पर्यावरण हमारा, तब सुरक्षित रहेगा जीवन हमारा।

## बुढ़वा महादेव में महाशिवरात्रि मनाने को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने

- **प्रशासन ने दोनों पक्ष से कुल 30 लोगों को पर 126 धारा लगाया**

**बड़कागांव ।** बड़कागांव के अति प्राचीन शिव मंदिर महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में दो पक्षों के बीच हुए उत्पन्न विवाद से संबंधित प्रशासन के द्वारा शांति बहाल रखने को लेकर हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दोनों पक्षों से 30 लोगों के ऊपर धारा 126 (107)लगाया गया है। मामले को देखते हुए थाना प्रभारी बड़कागांव के द्वारा प्रस्तुत आप्राथमिक संख्या 30/ 2025 का अवलोकन किया गया। थाना प्रभारी ने अपने आप्राथमिक प्रतिवेतन में आगामी महाशिवरात्रि त्यौहार के अवसर पर दोनों पक्षों के लोगों के द्वारा शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था भंग करने की प्रबल संभावना को देखते हुए दोनों पक्षों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 (पहले 107 के नाम से जाना जाता था) के अंतर्गत कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। जिसके आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी सदर हजारीबाग के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर कारण पूछ दाखिल करने का आदेश जारी किया है। निम्न लोगों पर न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है। उसमें प्रथम पक्ष दामोदर महतो, हुलास प्रसाद दांगी, अरविंद महतो, नितेश कुमार, नरसिंह प्रसाद, संतोष कुमार, धनेश्वर महतो, अवध किशोर कुमार, विकास कुमार दांगी, सुबोध जयसवाल वहीं द्वितीय पक्ष से बचनदेव कुमार, अजीत कुमार, प्रेमचंद महतो, अशोक महतो, लक्ष्मण कुमार, राजदेव महतो, नंदकिशोर महतो, त्रिभुवन महतो, यज्ञभुज महतो, कीर्तन महतो, विनोद महतो, गुड्डू महतो, लोचन महतो,कामेश्वर कुमार, देवकाल महतो, चांदो महतो, हरिनंदन महतो, सुभाष सिंह इत्यादि हैं।

## डीएवी स्कूल बरही, महाकुंभ यात्रियों को किया सेवा सत्कार

- **सेवा भाव मनुष्य का सर्वोत्तम गुणः प्राचार्य आशुतोष कुमार मैढ़**



**बरही।** आर्य समाज के तत्वाधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के द्वारा महाकुंभ यात्रियों के लिए सेवा कार्य का आयोजन किया। कुंभ जा रहे और वापस लौट रहे तीर्थ यात्रियों को स्वागत सत्कार और जलपान की व्यवस्था के साथ साथ विश्राम की व्यवस्था किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैंढ़ के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह की क्रियाकलाप समाज में समरसता लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सेवा भाव, आत्मीयता और सौहार्दपूर्ण की भावना जागृत होती है। अतः हमें सदैव हर परिस्थिति में सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। जो समाज को एक प्रगतिशील दिशा प्रदान करने में सदैव सहायक होगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नरसिंह शर्मा, डॉ दीपक शरण, वीरेंद्र तिवारी, कार्यालय कर्मी एसएन रॉय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी अजय कुमार, जगदेव, अजय कुमार, राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सोना-सोबरन योजना के तहत मुखिया ने अंग वस्त्र का किया वितरण



**प्रतिनिधि बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के गया रोड में डीलर परमेश्वर राम के यहां जनवितरण प्रणाली केंद्र पर सोनाझसोबरन योजना के तहत मुखिया शमशेर आलम ने कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथझ साथ अनुदानित दर पर सोनाझसोबरन योजना के तहत साड़ी, लुंगी अंग वस्त्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मौके पर प्रतिनिधि टिंकू आलम, महेंद्र केशरी, मुकेश राम कृष्ण प्रजापति समेत लाभुक उपस्थित थे।

## विधायक रोशनलाल चौधरी ने कंपनियों द्वारा मजदूरों के शोषण के खिलाफ विधानसभा में उठाया आवाज

- **कहा -कंपनी मजदूरी काम और काम ज्यादा कर रही है**




**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बड़कागांव,केरेडारी एंव पतरातू में कार्य कर रहे एनटीपीसी , जेवीएनल सहित अन्य कंपनियों के एमडीओ कंपनी के द्वारा स्थानीय मजदूरों को पिछले 10 वर्षों से निर्धारित वेतनमान से कम वेतन दिया जा रहा है एवं स्थानीय श्रमिकों को 8 घंटे से अधिक 12 घंटा का कार्य लिया जा रहा है। जिसके बदले श्रमिकों को न्यूनतम कार्य से भी कम पैसे दिए जा रहे हैं जो सरासर गलत है। इस संबंध मे विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा सदन में यह मामला उठाकर कहा गया कि पिछले 10 वर्षों से इन मजदूरों के साथ जो शोषण हो रहा है उसको जल्द से जल्द खत्म करके मजदूरों को उनका हक और अधिकार मिलना चाहिए।

## 18 दिनों से गायब बुजुर्ग का नहीं मिला रहा सुराग,परिजन परेशान



**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाक के तेतरिया गांव के राजा फुलवारी भुइयां टोला निवासी श्यामलाल भुइयां 65 वर्ष पिछले सात फरवरी से लापता है।श्यामलाल के गायब होने के18 दिन बाद भी उसका कहीं अता पता नहीं है। जिसके चलते श्यामलाल के परिजन परेशान है।श्यामलाल के पुत्र दिनेश राम ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि सात फरवरी को दिन में बोधिबागी चौक जाने की बात कहकर घर से निकले जिसके बाद शाम तक नहीं लौटे।रात में इधर उधर खोज बिन किया किंतु कही पता नहीं चला।जिसके चलते घर वाले परेशान है।दिनेश ने बताया कि वे चेक का कमीज और लूंगी पहन रखा है।उनकी मानसिक स्थित हल्का खराब है।

## बरही में 27 फरवरी को खाद्य लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु लगेगा कैंप

**प्रतिनिधि बरही।** बरही:जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से बरही अनुमंडल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रवधान के अनुसार खाद्य करोबारियों को लाइसेंस रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के कारोबार करना दंडनीय अपराध है। इसके तहत 10 लख रुपए तक के जुर्माना का प्रावधान है। अनुमंडल के के सभी खाद्य करोबारियों के लिए फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के लिए 27 फरवरी बरही प्रखंड कार्यालय में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैप पूर्वाहन 11:00 बजे से 4:00 बजे तक चलेगा। फूड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) के लिए आवेदक का पहचान पत्र, यदि पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं हो तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र एवं एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा।

# पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स विद्यालय ने अपना प्रथम स्थापना दिवस मनाया

## शिक्षा जीवन जीने की तैयारी नहीं, शिक्षा ही जीवन हैः एसआई मिथलेश कुमार महतो

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**

प्रखंड के चानो मुख्य मार्ग स्थित पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल का प्रथम स्थापना दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि एसआई मिथलेश कुमार महतो के द्वारा दीपप्रज्वलित कर एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एसआई मिथलेश कुमार महतो को विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार एवं कन्वेनर हाफिज कमरुद्दीन के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय छात्राओं द्वारा स्वागत गीतों से मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह में बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत, झांकी, कॉमेडी, भाषण आदि प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। मंच का संचालन शिक्षक नागेश्वर कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि मिथलेश कुमार ने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम विद्यालय के प्रथम वर्षगांठ एवं विद्यालय परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी कुंजी है जो हमारे सफलता के हर बंद दरवाजे को खोलती है। बच्चों शिक्षा जीवन जीने की तैयारी




नही है, शिक्षा ही जीवन है। भारत विश्व का उभरता हुआ देश है, आज जिस प्रकार से भारत उन्नति कर रहा है। आप सभी अभिभावक एवं बच्चे हिस्सेदार बने। जिस प्रकार सरकार सुविधाएं दे रही हैं, स्कोप बढ़ा रही है, उसका भरपूर फायदा उठाएं। शिक्षक बेहतर शिक्षा के लिए बेहतर से बेहतर उपाय करें। जिंदगी भर जिससे सीखने का मौका मिले सीखते रहिए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज इस विद्यालय का प्रथम स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद, नृत्य, संगीत की शिक्षा दी जाती है, जिससे बच्चों में मानसिक और शारीरिक दोनों का विकास होता है। हमारे विद्यालय में बच्चों को शिक्षा, खेलकूद, नृत्य, संगीत में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास रहेगी। विशिष्ट अतिथि इंजिनियर मुकेश कुमार महतो ने कहा कि प्रखण्ड के सुदूरवर्ती इलाके में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है, विद्यालय के शिक्षकगण, बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को नवोदय, सैनिक विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाएं। इस दौरान जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष सह पिनेकल इग्नेटेड माइंड्स स्कूल चानो के डायरेक्टर कौलेश्वर महतो ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है, बच्चे खूब पढ़े और आगे बढ़े। अभिभावकगण अपने घर में बच्चों की पढ़ाई की देख रेख करते रहें और नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल भेजें। मौके पर विशिष्ट अतिथि आदर्श पब्लिक स्कूल निर्देशक डिलेश्वर कुमार, शिक्षक गंगाधर कुमार, सन्नी कुमार, विशेश्वर कुमार, शिक्षक पप्पू चौधरी, दिनेश कुमार, शिक्षिका खुश्बू कुमारी, ज्योत्सना कुमारी, नीतू कुमारी, करीना कुमारी, काजल कुमारी, नीलम कुमारी, चंद्रावती देवी समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

न्यूज़ अपडेट

## सुरक्षा प्रहरी संघ ने आईएसएम के गेट पर सात सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना



**श्रमबिंदु /धनबाद** । भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ के द्वारा मंगलवार को सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना आईआईटी आईएसएम के मुख्य गेट पर दिया गया। संघ के कार्यकर्ताओं ने जमीन पर बैठकर प्रबंधन के विरुद्ध अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में संघ के सैकड़ों सुरक्षा प्रहरी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरख राम ने एवं संचालन महामंत्री प्रभात कुमार सिंह ने किया। धरणा को सफल करने के लिए भारतीय मजदूर संघ धनबाद जिला के अध्यक्ष सुनील कुमार,मंत्री धर्मजीत चौधरी एवं कई कार्यकर्ताओं ने अपना सहभागिता दिया। धरनार्थियों ने बताया कि धरना की पूर्व सूचना आईएसएम प्रबंधन, एस डी एम धनबाद को दी गई थी। इसके बावजूद धरना स्थल पर आईआईटी प्रबंधन एवं स्थानीय पुलिस के द्वारा सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ के धरना को असफल करने का काफी प्रयास किया गया। प्रबंधन अगर 7 सूत्री मांगों पर तुरंत विचार नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

बताया गया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मिलकर शीघ्र ही मंत्रालय में मंत्री से मिलने का समय लेगी और अपने समस्याओं को लेकर उनसे वार्ता करेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज साव,जितेंद्र सिंह, तेजनारायण शर्मा,अरविंद सिंह,इंद्रजीत सिंह,दीपक ओझा,लालजीत भारती,बजरंग शर्मा का सहयोग रहा।

## एसएसपी धनबाद ने बढ़ती अपराध पर लगाम को लेकर की समीक्षा बैठक



**श्रमबिंदु /धनबाद** । बढ़ती अपराध पर लगाम लगाने मसलन हत्या, डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी एवं दुष्कर्म जैसे विषयों को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक (एस एस पी ) हृदीप पी जनार्दनन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान एसएसपी महोदय के द्वारा विगत वर्षों के दौरान धनबाद में हुए संवेदनशील अपराधों पर चर्चा की गई, जिसमें हाल के दिनों में घटित संवेदनशील काण्डों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के अलावा विभिन्न थानों में लंबित काण्डों, धनबाद में सक्रिय संगठित आपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधियों पर चर्चा करते हुये हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग व उससे जुड़े अपराधियों के विरुद्ध अभी तक की गई कार्रवाई की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई।बैठक के दौरान थानों से दर्ज विभिन्न मामलों पर चर्चा करते हुए महोदय ने तय समय सीमा के अंदर सभी कांडो का जल्द निष्पादन करने का निर्देश भी दिया। एसएसपी महोदय ने अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के वर्तमान स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए निर्देश दिया साथ ही साथ ही पूरे जिले में समय और स्थान बदलकर सघन वाहन चेकिंग करते हुये छोटे-मोटे अपराधों पर भी लगाम लगाये जाने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में सिटी एसपी के आलावा ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत कई पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी व विभिन्न मामलों से जुड़े अनुसन्धानकर्ता मौजूद थे ।

## सदर अस्पताल में मृत पशु और गंदगी के बीच इलाज जारी, संक्रमण का खतरा

**श्रमबिंदु /धनबाद** । शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, और अब एक और चिंताजनक घटना सामने आई



है। सोमवार को धनबाद के सदर अस्पताल में पार्किंग एरिया में एक मृत पशु पाया गया, जिससे न केवल तीव्र दुर्गंध फैल रही थी, बल्कि मक्खियां भी भिनभिना रही थीं। इस स्थिति ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर किया है।

» अस्पताल में मरीजों के बीच संक्रमण का खतरा

मृत पशु का स्थान और उसकी स्थिति और भी अधिक गंभीर है, क्योंकि यह अस्पताल के वार्ड के ठीक ऊपर स्थित था, जहां मरीजों का इलाज चल रहा था। इससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन को इस गंभीर लापरवाही को शीघ्र सुधारने की आवशयकता है, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

पूर्व सांसद ए के राय की प्रतिमा निर्माण कार्य का विरोध, भाकपा नेताओं के हस्तक्षेप से कार्य हुआ शुरू

» स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवशयकता

यह घटना इस बात का प्रतीक है कि सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण के लिए अधिक ध्यान देने की आवशयकता है। मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अस्पतालों में इन बुनियादी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## चंदा काटते वक्त ट्रक की चपेट में आने से दीपक यादव की घटनास्थल पर ही मौत,

● परिजनों का रो रो के बुरा हाल घण्टो रहा रोड जाम,

श्रमबिंदु /धनबाद । कतरास, सोनारडीह के लड़कों द्वारा शिवरात्री का चंदा काटने के दौरान गाड़ी की चपेट में आने से मोत और चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया मगर ग्रामीणों पीछा कर महुदा थाना अंतर्गत गाड़ी ो पकड़ लिया गया है गाड़ी संख्या फ्ख26फ्ऋ7549. को हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों के द्वारा सड़क जाम कर दिया गया है जिससे ठत्र 32 पूर्ण रूप से जाम हो चुकी है, दीपक यादव 22 वर्षीय सोनारडीह का निवासी है। घटनास्थल पर परिजन मुआवजा की मांग कर रहे हैं, घटनास्थल पर सोनारडीह ओपी पुलिस दलबल के साथ पहुंच चुके हैं और परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# एसएसपी को पत्रकारों ने पत्रकार के साथ मारपीट करने वालों की जल्द हो गिरफ्तारी को लेकर सोपे ज्ञापन

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



चिरकुंडा, आज झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन धनबाद इकाई की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक को विज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग किया गया कि, पिछले दिनों आजाद सिपाही के पत्रकार सह संगठन सदस्य संजय कुमार पर कुछ शराब माफियाओं के द्वारा हमला कर दिया गया था। जिसका लिखित शिकायत सराई ढेला थाना में दिया गया। परंतु आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्हें यथाशीघ गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई किया जाए।

वरिय पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद जिला अध्यक्ष मनीष कुमार झा ने कहा कि ,काफी सकारात्मक बातें रही, वरिय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यथाशीघ्र दोषियों पर कार्रवाई किया जाएगा।

वहीं अनेक पत्रकारों का शिकायत रहा है कि, पुलिस के यहां से पत्रकारों को दी जाने वाली सूचनाएं उन्हें नहीं मिलती है ।जबकि अनेक पत्रकार राष्ट्रीय अखबार एवं राष्ट्रीय चैनल में काम करते हैं।

वर्तमान में जिन्हें सूचना प्रदान किया जाता है उसमें से अनेक ऐसे हैं, जो सिर्फ यूट्यूब पर अपना समाचार चलाते हैं। उन्हें ना तो आर एन आई है और ना तो चैनल चलाने का अधिकार।

इस विषय पर भी बात करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को चाहिए कि सभी को समान दृष्टि से देखें ।यदि यूट्यूबर को आमंत्रित नहीं करना है तो किसी भी यूट्यूब को नहीं करना चाहिए। युटुबर सभी यूट्यूबर ही होते हैं, ऐसा नहीं है आगे पीछे करने वाला खास, और स्वाभिमान से रहने वाले आम होते हैं। इस तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यदि भेदभाव किया गया तो उच्च अधिकारियों तक शिकायत किया जाएगा, उससे भी बात नहीं बनी तो हम लोग धरना पर बैठेंगे।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव रुस्तम मियां, जिला कोषाध्यक्ष सुनील भंडारी, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, प्रखंड अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सुमित बर्मन, प्रखंड महासचिव मोहम्मद फारूक, जिला मीडिया प्रभारी कार्तिक गोस्वामी, जिला सचिव लालन मालाकार , संजय कुमार, गुलवंत सलूजा, मुबारक अंसारी, सोनू कुमार, तपन मंडल, प्रखंड महासचिव उमेश विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, के अलावा अनेक सदस्य मौजूद थे।

## पंचेत की एक सौ युवतियां 15 दिनों से दक्षिण 24 परगना में कंपनी के अंदर फंसी हुई है

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिला के रामचंद्रपुर,सोनारपुर के एक्सोडस फ्यूचरा नीट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत एक सौ युवती पिछले 15 दिनों से कंपनी के अंदर फंसीं हुई हैं. अधिकांश युवतियां पंचेत की रहने वाली बतायी जाती हैं. सोमवार देर शाम निरसा के विधायक अरूप चटर्जी ने पश्चिम बंगाल के मंत्री मलय घटक से फोन पर बातचीत कर मामले के समाधान की मांग की. सभी लड़कियों को सुरक्षित बार निकलवाने की मांग की. युवतियों का कहना हैं कि स्थानीय लोगों ने रोजगार की मांग को लेकर कंपनी में पिछले 15 दिनों से ताला जड़ दिया है. युवतियों का कहना है कि कोई एक साल तो कोई छह महीने से कंपनी में काम कर रही हैं. सभी एक्सपोर्ट क्वालिटी कपड़ा का सिलाई एवं डिजाइन का काम करती हैं . साथ ही कंपनी के अंदर ही रहती हैं, लेकिन, पिछले 15 दिनों से काम ठप रहने के कारण सभी युवतियां घर लौटना चाहती हैं. सभी युवतियां निरसा विधानसभा क्षेत्र के पंचेत इलाकों के बेनागड़िया , पतलाबाड़ी,बांदा आदि गांव की रहने वाली बतायी जाती हैं. युवतियों के अनुसार कंपनी के एचआर को घर आने के लिए आवेदन भी दिया गया है , लेकिन उन्हें यह कहकर बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है कि कंपनी के गेट बाहर निकलने से उन लोगों की जान को खतरा है. साथ ही परेशानी हो सकती है,

युवतियों ने परिजनों को भेजा वीडियो

युवतियों ने परिजनों को वीडियो भेजकर मामले की जानकारी दी है, वहां फंसी एक लड़की ने फोन पर मीडिया को बताया कि गेट बंद रहने के कारण उनलोगों को बाहर निकलने पर रोक है. इससे काफी परेशानी हो रही है. प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि मंगलवार सुबह 10 बजे तक निकालने का प्रयास होगा. प्रबंधन ने भी गेट को अंदर से बंद रखा है. युवतियों ने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन नहीं आयेगी. तब तक वे लोग बाहर नहीं निकलेंगी. बाहर कुछ भी हो सकता है. युवतियों के परिजन भी इस घटना से परेशान हैं ।

## श्रध्दालुओं ने मैथन में 251 मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया प्रारम्भ



**श्रमबिंदु /धनबाद** । चिरकुंडा, मैथन स्थित रांची कॉलोनी में चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की विधिवत शुरुआत मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया है। प्रातः से ही श्रद्धालु रांची कॉलोनी के गायत्री प्रज्ञा मंडल के प्रांगण में एकत्रित हुए उसके पश्चात सभी महिलाओं ने अपने माथे पर मंगल कलश एव गुरुदेव बांग्यमय को लेकर नगर भ्रमण को निकल पड़े,गाजे बाजे एव ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते सभी गायत्री मंत्र ॐ भूर्भुवः स्वः का नारा लगाते मैथन गो×गना छठ घाट पहुंची जहा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल पात्र में पवित्र जल भरकर वापस रांची कॉलोनी यज्ञ स्थल पहुंची। पुरे रास्ते में पेयजल शरबत की सम्पूर्ण व्यस्था की गई थी ।सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ।बताते चले कि मैथन में यह पहला चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत हुई है इसके पूर्व चौबीस कुण्डीय गायत्री यज्ञ मैथन में आयोजन नहीं की गई है और यह 28 फरवरी तक चलेगी। प्रत्येक दिन अलग अलग कार्यक्रम होगा,

26 फरवरी को प्रातःहवन और संध्या प्रवचन कि जायेगा,

27 फरवरी प्रातः से ही गायत्री महायज्ञ, हवन ,दीक्षा आदि विविध संस्कार और संध्या को भव्य दीप यज्ञ का आयोजन की जायेगी,28 फरवरी प्रातः महायज्ञ की पूर्णाहुति समापन समारोह एव शांतिकुंज हरिद्वारा से आए टोली की विदाई एव भव्य भंडारा का आयोजन की जायेगी ।इस मौके पर मुख्य रूप से गायत्री परिवार के विभूति शरण सिंह ,अशोक कुमार पाठक,अक्षय कुमार राम,संजय शर्मा,पिंटू साव,सतीश साह,मनोज साह,लक्ष्मण सिंह,मनोज वर्मा,रामअवतार शास्त्री,वैद्यनाथ राय,सुदेश सिंह,अजीत कुमार,कृष्ण मुरारी सिंह,ऊषा कुमारी पाण्डे, स्वाती पांडे,प्रत्यूष पाण्डे,ऋतु कुमारी,अनिता पाठक,सहित सैकड़ो की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य एव श्रद्धालु उपस्थित थे।

## झारखंड मुक्ती मोर्चा ने धनबाद में चलाया सदस्यता अभियान

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



25 फरवरी को झामुमो महानगर पूर्व प्रवक्ता अकाश रवानी के नेतृत्व मे बैंक मोड धनबाद अंतर्गत गुरुद्वारा खटाल में सदस्यता अभियान चलाया गया तकरीबन 500 से अधिक नए लोगों ने पार्टी पर आस्था रखते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती डॉक्टर नीलम मिश्रा उपस्थित हुई।

डॉ नीलम मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि झामुमो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी समुदाय को सामान्य दृष्टि से देखने का काम करती है हमारी पार्टी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र का चौमुखी विकास चाहती है, शहरी क्षेत्र का जिस प्रकार से भाजपाइयों ने दमन किया है यह जग जाहिर हो चुका है अब शहरी क्षेत्र में झामुमो ही एकमात्र विकल्प बनकर जनता के सामने है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महानगर समिति के पूर्व अध्यक्ष मंटू चौहान उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, बंटी सिंह, रामू मंडल, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, बुद्धिजीवी अध्यक्ष राजू प्रमाणिक, महादेव हांसदा, राजेश तुरी उपस्थित थे।

# विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा में झरिया के ज्वलंत मुध्दे उठाई

**श्रमबिंदु /धनबाद /रांची ।**




झारखंड विधानसभा सत्र के शून्य काल के दौरान झरिया विधायक रागिनी सिंह ने झरिया के ज्वलंत मुद्दों मे से एक पेयजल आपूर्ति की समस्याओं का अहम मुद्दा को विधानसभा सत्र के पटल पर प्रमुखता से उठाया।झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बताया कि झमाडा मे एम डी के नहीं होने के कारण जल आपूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लंबित पड़े हुए है। जल परियोजनाओं की स्वीकृति और क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हो रहा है। बिना सक्षम नेतृत्व के परियोजनाओं में पारदर्शिता की कमी बनी हुई है। झरिया विधायक ने कहा कि धीमी गति से काम होने के कारण कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। झमाड़ा एक स्वतन्त्र विभाग है और इस विभाग में सक्षम और स्थाई एम डी की नियुक्ति होनी चाहिए जिसपर माननीय मंत्री महोदय ने जल्द से विभागीय जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है कई जगहों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने पर उनकी मरम्मत समय पर नहीं हो रही है। पानी की गुणवत्ता की जाँच और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में लापरवाही बढ़ रही है। जल संरक्षण से जुड़े प्रोजेक्ट्स की योजना और कार्यान्वयन में देरी हो रही है। वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण से जुड़े कार्य रुक गए हैं। झमाड़ा की जल आपूर्ति योजनाओं में दीर्घकालिक दृष्टिकोण की कमी दिख रही है। वही आम जनों को समय पर पेयजल शुल्क बिल नहीं दिए जाने वही उनसे मनमाने ढंग से पेयजल शुल्क की ज्यादा वसूली किए जाने साथ ही कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जाँच के लिए स्वतंत्र एजेंसी द्वारा ऑडिट करवाया जानी चाहिए। इसके साथ ही झरिया विधायक रागिनी सिंह ने झरिया के पुराने विद्यालयों मे से एक मारवाड़ी विद्यालय को अब तक मान्यता नहीं मिल पाने का भी मुद्दा जोरदार ढंग से विधानसभा सत्र के दौरान पटल पर रखा। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बताया कि मारवाड़ी विद्यालय वर्षों से निम्न वर्ग एवं गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। क्षेत्र का एक पुराना और प्रतिष्ठित विद्यालय है, जो समाज की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है ।सरकार की ₹सबको शिक्षा₹ नीति के तहत ऐसे विद्यालयों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। सरकारी मान्यता न होने के कारण विद्यालय के छात्रों को सरकारी सुविधाएँ नहीं मिल पा रही हैं। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, मुफ्त किताबें, एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। स्कूल को मान्यता प्रदान करने पर गरीब और दलित विद्यार्थियों को भविष्य में शिक्षा स्तर सुधारने का अवसर मिलेगा विद्यालय में योग्य शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जा रही है, लेकिन मान्यता के बिना वेतनमान एवं अन्य सुविधाओं में बाधा आ रही है। स्कूल की अधोसंरचना को और मजबूत करने के लिए सरकारी सहयोग की आवशयकता है। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधारने के लिए राज्य सरकार को सहयोग देना चाहिए। राज्य सरकार और शिक्षा मंत्री से को जल्द से जल्द विद्यालय का निरीक्षण कर इसे मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

## नहीं रहे भाकपा माले के वरिष्ठ नेता कॉमरेड निमाई मल्लिक



**श्रमबिंदु /धनबाद** । सिंदरी , 25 को को भाकपा माले के मनोहरटांड़ ब्रांच सचिव कॉमरेड निमाई मलिक का आकस्मिक निधन हो गया है, इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ पार्टी ने खड़ा होकर दुख में शामिल हुआ सुबह भाकपा माले के नेता ओर कार्यकर्ता ने लाल झंडा ओढा कर पुष्पांजलि अर्पित कर और लाल सलाम के नारो के साथ अंतिम विदाई दी गई। आज सुबह सिंदरी घाट में दाह-संस्कार किया गया वह भाकपा माले के पुराने एवं युवा साथी थे इसके जाने से मनोहरटान्ड में अपूर्ण क्षति हुई है श्रद्धांजलि के कार्यक्रम में कामरेड सुरेश प्रसाद, सुधीर महतो, राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, मंगल महतो ,बबलू महतो एवं सैकड़ो की संख्या में माले कार्यकर्ता उपस्थित थे।




स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com